भा वा अ शि प - वन उत्पादकता संस्थान, रांची

(भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून)

प्रकृति कार्यक्रम का आयोजन... **25.07.2023**

स्थल : जवाहर नवोदय विधालय वैशाली

भावाअशिप- वन उत्पादकता संस्थान, राँची के केंद्र वानिकी अनुसन्धान एवं प्रसार केंद्र सह वन विज्ञानं केंद्र, जदुआ, हाजीपुर द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव काल में मिशन लाइफ के अंतर्गत □प्रकृति□ कार्यक्रम के आलोक में आज दिनांक 25 जुलाई 2023 को वैशाली जिले के वफापुर शर्मा गाँव में स्थित जवाहर नवोदय विधालय में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य श्री सी. राय ने की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य श्री सी. राय ने आज के समय में पृथ्वी पर हो रहे प्राकृतिक आपदाओ से बचाव के लिए पर्यावरण संरक्षण को आवश्यक बताया । श्री राय ने विधालय के सभागार में उपस्थित छात्रो को पर्यावरण संरक्षण के लिए उपयोगी प्रदूषण पर नियंत्रण और वृक्षारोपण के लिए निर्देशित किया।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए वरीय शिक्षक डॉ. रवि शंकर प्रसाद ने भारतीय वानिकी अनुसन्धान एवं शिक्षा परिषद् की शाखा वानिकी अनुसन्धान एवं प्रसार केंद्र, जदुआ, हाजीपुर के वरीय तकनिकी अधिकारी श्री दिना नाथ पाण्डेय और तकनिकी अधिकारी श्री संजीव कुमार का परिचय उपस्थित शिक्षको एवं छात्रो से कराया।

कार्यक्रम में वानिकी अनुसन्धान एवं प्रसार केंद्र सह वन विज्ञानं केंद्र, जदुआ, हाजीपुर के वरीय तकनिकी अधिकारी श्री दिना नाथ पाण्डेय ने पर्यावरण के संरक्षण के उपायों को विस्तार से बताया कि किस प्रकार अपने दैनिक कार्य व्यवहार में छोटी-छोटी सुधार कर अपने आस-पास की पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दे सकते है। उन्होंने बताया कि अपने दैनिक जीवन में आस-पड़ोस में साफ़-सफाई, अन्य लोगो को जागरूक करना, जल संरक्षण, घरेलु कचरे का उचित पेटी में डालना, सडको, पार्को, तीर्थस्थलो, दर्शनीय स्थलों आदि को साफ और स्वच्छ रखना, एम्बुलेंस को रास्ता देना, यातायात नियमो का पालन करना, आदि जैसे कार्यो को कर पर्यावरण संरक्षण कर सकते है । श्री पाण्डेय ने जलवायु परिवर्तन के असर को कम करने के लिए **RRR** (ट्रिपल **R)** अर्थात **Reduce, Reuse** और **Recycle** को उपयोगी बताते हुए बताया कि बेकार की चीजो को कम करने, दोबारा इस्तेमाल करना और कचरा हटाने के लिए पुनर्चक्रण कर पृथ्वी से प्रदुषण को नियंत्रित किया जा सकता है।

कार्यक्रम में **FREC,** जदुआ, हाजीपुर के तकनिकी अधिकारी श्री संजीव कुमार ने पृथ्वी को पुनः हरियाली युक्त बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण करने पर बल दिया । उन्होंने पौधरोपण के पश्चात् पौधे की देख-भाल और उचित समय पर सिंचाई को आवश्यक बताया । पौधरोपण के लिए उचित दूरी और प्रबंधन की विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

कार्यक्रम में उप प्राचार्य श्रीमती नीलिमा वर्मा ने पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता कार्यक्रम को उपयोगी बताते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया। उन्होंने उपस्थित सभी शिक्षको एवं छात्रो को अपने दैनिक जीवन में छोटे-मोटे सुधार को आवश्यक बताया।

कार्यक्रम में सभी शिक्षक, कर्मी एवं लगभग 450 छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनों को पर्यावरण संरक्षण के लिए शपथ भी दिलाई गयी।